(b) the amount sanctioned for each railway line?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SURESH KALMADI): (a) and (b) In view of the difficult terrain involved, suitable agency is being identified for undertaking the survey for Thakazhi, Thiruvalla, Pathanamthitta line. Rs. 4 lakhs has been provided for the survey work during 1995-96.

हुडकों द्वारा धनराशि प्रदान किये जाने के लिये गुजरात सरकार का प्रस्ताव

408. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पूर्व शासित गुजरात सरकार ने केन्द्र सरकार को ऐसा कोई प्रस्ताव भेजा था जिसमें यह अनुरोध किया गया है कि हुडको को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य के शहरी ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिये धनराशि प्रदान करनी चाहिये;

(ख) यदि हां, तो जिला-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय विभाग में शहरी रोजगार तथा गरीबी उपशासन विभाग में राज्य मंत्री (श्री एस०एस० अहलूवालिया): (क) से (घ) राज्य आवास एजेन्सियां विभिन्न आय वर्गों बाबत आवास योजनाएं मूल्यांकन तथा मंजूरी हेतु सीधे हुडको को भेजती हैं। चालू वित्त वर्ष अर्थात 1995-96 के दौरान (31-1-1996 तक) हुडको ने गुजरात की विभिन्न आवास एजेन्सियों से प्राप्त आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों हेतु 12 आवास योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं में जनजातीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लिए 3976 रिहायशी मकान बनाने का विचार है। जिले-वार ब्यौरे विवरण में दिया गया है।

आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग श्रेणी की गुजरात से प्राप्त निम्नलिखित दो योजनाओं पर हुडको में जांच चल रही है।

क्रम सं०	कार्यान्वयन एजेन्सी	योजना का नाम	ऋण राशि ई० डब्लू० एस०(आर)	ई० डब्लू एस०(यू) रुपये लाखों में	रिहायशी मकान	
1.	गुजरात आवास बोर्ड	618 ई०डब्लू०एस० जामनगर	—		121.85	618
2.	गुजरात भूमिहीन श्रमिक सहायता आवास बोर्ड	370 ई० डब्लू०एस० (आर) एच०एस० गांधी नगर में	20.35		—	370

हुडको में योजनाओं का मूल्यांकन तथा मंजूरी एक सतत् प्रक्रिया है और यह सम्बद्ध योजनाओं के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के साथ ही धनराशि की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

विवरण

चालू वर्ष के दौरान गुजरात की आवास योजनाओं की सूची

(अवधि 1-4-95 से 31-1-96)

क्रम सं०	योजना का नाम	शहर/जिला	ऋण राशि (रु०लाखों में)	रिहायशी मकान
1.	अहमदाबाद में आवास सुधार योजना एन०जी०ओ०	अहमदाबाद	3.86	100
2.	जिला ऊंझा महसाना में 326 ई०डब्ल्यू०एस० आवास योजना	ऊंझा	52.14	326
3.	चेनपुर अहमदाबाद में 82 ई०डब्लू०एस आवास योजना	अहमदाबाद	12.95	82
4.	चेनपुर अहमदाबाद में 176 ई०डब्लू०एस० आवास योजना	अहमदाबाद	27.80	176
5.	जूनागढ़ तथा अमरेली जिला में 142 ई०डब्लू० एस आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	27.69	142
6.	जिला बड़ौदा में 106 ई०डब्लू०एस० आवास योजना	बड़ौदा	20.67	106
7.	खेड़ा और कछ जिला में 96 ई०डब्लू०एस० (आर) आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	18.72	96
8.	मेहसाना तथा बनासकंठ में 112 ई०डब्लू०एस० (आर) आवास योजना	ग्रामीण क्षेत्र	21.84	112
9.	मेहसाना में 1161 ई०डब्लू०एस० (आर) आवास योजना	मेहसाना	63.86	1161
10.	जूनागढ़ आश्रय सुधार योजना	जूनागढ़	9.00	300
11.	बनासकंठ में 154 ई०डब्लू०एस० (आर) आवास योजना	मेहसाना साबरकंठ	30.03	154
12.	अहमदाबाद में भूपिहीन मजदूरों के लिए ई०डब्लू०एस० (आर) आवास योजना	अहमदाबाद	67.16	1221

डी०डी०टी०के प्रतिकूल प्रभाव

409. **श्री गोविन्द राम मिरी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मलेरिया तथा अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए डी०डी०टी० के उपयोग से पुरुष प्रजनन शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है,

(ख) क्या बहुत से देशों ने इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है,

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार क्या प्रतिक्रिया है,

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं, और

(ङ) क्या सरकार ने इस दिशा में कोई सर्वेक्षण करवाया है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री ए०आर० अन्तुले): (क) प्रायोगिक अध्ययनों से पता चला है कि डी डी टी की अधिक खुराकें प्रसव प्रजनन कार्यों पर प्रभाव डाल सकती हैं।

(ख) से (घ) अनेक बाह्य देशों ने डी डी टी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि में डी डी टी के उपयोग पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है तथा उपयोग की वार्षिक सीमा तक सीमित कर दिया है। डी डी टी का उपयोग मुख्यतः ऐसे क्षेत्रों में किया जाता है